मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 287, मुंबई, सोमवार, 20 जनवरी, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# महाराष्ट्र में पैर पसार रहा BIRD FLU

## लातूर में 51 कौवों की मौत, प्रशासन ने घोषित किया अलर्ट जोन



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बर्ड फ्लू तेजी से पैर पसार रहा है। पिछले दिनों नागपुर में 3 बाघ और एक तेंदुए की मौत हो गई थी। इसके बाद अब लातूर में भी बड़ी संख्या में कौवों की मौत की खबर आ रही है। इससे जिले में हड़कप मच गया है और जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। महाराष्ट्र के लातूर जिले में बर्ड फ्लू से 51 कौवों की मौत हो गई है। इसके बाद अधिकारियों ने बीमारी को फैलने से रोकने के लिए निवारक उपाय करना शुरू कर दिया है। पशुपालन उपायुक्त डॉ. श्रीधर शिंदे ने बताया कि शनिवार को भोपाल पशु चिकित्सा प्रयोगशाला से मिली रिपोर्ट से पता चला है कि लातूर जिले के उदगीर शहर में कौवों की मौत एवियन इन्फ्लूएंजा से हुई है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## सभी पोल्ट्री फॉर्म का होगा सर्वेक्षण

जिला प्रशासन के निर्देश के मुताबिक, प्रभावित क्षेत्रों को संक्रमणमुक्त किया जाएगा। वहीं अधिकारी 10 किलोमीटर के दायरे में सभी पोल्ट्री फॉर्म का सर्वेक्षण करेंगे और नमूने परीक्षण के लिए भेजे जाएंगे। प्रशासन ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे जिले के अन्य भागों में पक्षियों या जानवरों की किसी भी असामान्य मृत्यु की सूचना निकटतम पशु चिकित्सालय या वन विभाग को दें।



# अतिक्रमण मुक्त किए जाएंगे महाराष्ट्र के 400 से ज्यादा ऐतिहासिक किले

## सीएम फडणवीस ने इन्हें सौंपी जिम्मेदारी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** नई पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराने वाले महाराष्ट्र के 400 से अधिक ऐतिहासिक किलों के अब अच्छे दिन आने वाले हैं। अतिक्रमण के कारण दम तोड़ रहे किले अब खुलकर सांस ले सकेंगे। पिछली सरकारों की उपेक्षा के शिकार रहे इन किलों को अब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महायुति सरकार अतिक्रमण मुक्त कराने की तैयारी कर रही है। सरकार ने किलों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार किलों की सुंदरता को बनाए रखने और किलों पर से अतिक्रमण हटाने की जिलाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी दी है। मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष एवं मंत्री आशीष शेलार ने शनिवार को कहा कि राज्य में छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता के साक्षी रहे सैकड़ों किले मौजूद हैं। इनमें 47 किले केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित हैं तो वहीं 62 किले राज्य सरकार द्वारा संरक्षित हैं लेकिन 300 से अधिक गैर संरक्षित किले भी राज्य में मौजूद हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# मनपा इलेक्शन के लिए चुनाव आयुक्त की तलाश तेज



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** निकाय चुनाव को लेकर चल रही हलचलों के बीच राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति को लेकर भी सरकार में गहमागहमी तेज हो गई है। राज्य मंत्रिपरिषद ने एकमत से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को चुनाव आयुक्त के पद के लिए नाम की सिफारिश करने का अधिकार दिया है। इस आशय के प्रस्ताव को गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई। यूपीएस मदान राज्य के चुनाव आयुक्त थे। वे पिछले साल सितंबर महीने में रिटायर्ड हो गए थे। तब से यह पद खाली है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने संकेत दिए हैं कि 3-4 महीने में निकाय संस्थाओं के चुनाव कराए जा सकते हैं। इसे देखते हुए नए चुनाव आयुक्त की तलाश तेज हो गई है। राज्य मंत्रिमंडल ने चुनाव आयुक्त चुनने का सर्वाधिकार सीएम फडणवीस को देने का निर्णय लिया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मुंबई में नहीं चलेंगी पेट्रोल-डीजल गाड़ियां!

## बंबई उच्च न्यायालय ने सरकार को दिया निर्देश

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई की सड़कों पर जाम लगाने वाले वाहन शहर की खराब होती वायु गुणवत्ता के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। इससे राहत दिलाने के लिए बंबई उच्च न्यायालय महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। यह आदेश स्वतः संज्ञान वाली एक जनहित याचिका पर पारित किया गया। उच्च न्यायालय ने 2023 में मुंबई के खराब वायु गुणवत्ता सूचकांक का स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी। बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार को डीजल और पेट्रोल वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश दिया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



**पीठ ने कहा कि हमारी राय में ऐसी बेकरी इकाइयों के खिलाफ तत्काल और प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, ताकि शहर में बड़ी संख्या में मौजूद ऐसी इकाइयां वायु प्रदूषण न पैदा करें और खास तौर पर खतरनाक कणों को सीमित करें। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को तय की।**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### ट्रम्पवाद का समय आया!

कल सुबह (21 जनवरी) दुनिया ट्रंपकाल में प्रवेश करेगी। और ट्रम्पवाद आने वाले समय का प्रतीक चिन्ह होगा। मगर यह कोई चमकदार या सुखद काल नहीं होगा, बल्कि आशंका, भय और निराशा का दौर होगा। हालाँकि, बहुत से लोग उनके दुबारा राष्ट्रपति बनने से उत्साहित हैं। यूरोपियन काउंसिल ऑफ फारेन रिलेशन्स (ईसीएफआर) द्वारा करवाए गए एक सर्वे के अनुसार चीन, रूस, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील में ट्रंप की निंदा की बजाए उनका स्वागत हो रहा है। इन देशों के जितने लोगों का मानना है कि ट्रंप अमेरिका के लिए, उनके देश के लिए, और विश्व शांति के लिए बेहतर साबित होंगे, उनकी संख्या, ट्रंप के दुबारा पद पर बैठने को अपशकुन मानने वालों की संख्या से कहीं अधिक है। आप शायद सोच रहे होंगे कि आपके घर के नजदीक सब्जी बेचने वाला नहीं जानता होगा कि अमरीका का राष्ट्रपति कौन है। हकीकत यह नहीं है। मोदी की तरह ट्रंप को याद रखना बहुत आसान है। उनकी याद आपके दिमाग में बनी रहती है। उनका नाम आपकी जुबान पर बार-बार आता रहता है। ईसीएफआर के मुताबिक गैर-पश्चिमी देशों में ट्रंप का स्वागत इसलिए हो रहा है क्योंकि लोगों में जीतने वाले के प्रति उमंग और जोश होता है। यह बात भारत के बारे में भी सही है। यहां भी जीतने वाले का ही साथ दिया जाता है वोट क्यों वेस्ट करें, मोदी को देंह। ट्रंप की टीम ने हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री को शपथ ग्रहण में आमंत्रित नहीं किया। हो सकता है कि इससे भक्तों में कुछ निराशा व्याप्त हो। लेकिन जो खबरें मिल रही हैं, उनके मुताबिक मुकेश और नीता अंबानी अन्य टेक अरबपतियों, कारपोरेट दुनिया के शीर्षस्थ पदों पर बैठे लोगों, इटली की प्रधानमंत्री जोर्जा मेलोनी और कभी फ्रांस के राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार रहे एरिक जेमुअर कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। हालांकि मिशेल ओबामा ने न आने का फैसला किया है, जैसे उन्होंने जिमी कार्टर की अंत्येष्टि के समय किया था। यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि मिशेल ओबामा ने खुलेआम ट्रंप के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की थी। और इसी वजह से 2017 में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के कुछ ही समय बाद उन्होंने वाशिंगटन डीसी छोड़ दिया था। आपको राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप का पहला कार्यकाल याद होगा। 45वें राष्ट्रपति के रूप में खींची गई उनकी आधिकारिक तस्वीर में उनका प्रसन्न और शांत मुद्रा में दमकता हुआ चेहरा दिखाया गया था। वे एक आकर्षक बुजुर्ग की तरह नजर आ रहे थे। हालांकि उन्होंने जाते-जाते तक दुनिया उथल-पुथल फैलाने का काम जारी रखा। वे हमें हर दिन क्रोध भरी हंसी हंसने और घबराहट भरी सांसें लेने के लिए मजबूर करते रहे। इस बार 47वें राष्ट्रपति के रूप में उनकी जो आधिकारिक तस्वीर जारी की गई है, वह फुल्टोन काउंटी, जार्जिया के शेरिफ के कार्यालय द्वारा राज्य के चुनावों में गैरकानूनी हस्तक्षेप के प्रकरण के सिलसिले में खींची गई तस्वीर की याद दिलाती है।

# 'पाकिस्तान से भारत आए हिंदू शरणार्थी परिवारों को सौंपे गए आवास और रोजगार हेतु रेहड़ी व साइकिल'

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**दिल्ली।** पाकिस्तान से भारत आए हिंदू शरणार्थी परिवारों की दुर्दशा और उनके पुनर्वास के प्रयासों पर आधारित है। लेखक रविंद्र आर्य के लेख में बताया गया है कि अग्निकिरण - Pakistan Untold और जन स्वाभिमान वेलफेयर सोसाइटी ने मिलकर दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज के पास युमना से आये दिन डूबते क्षेत्र में सात हिंदू शरणार्थी परिवारों के लिए आवास और रोजगार की व्यवस्था की है।





**शरणार्थी परिवारों की स्थिति:** पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचारों के कारण ये परिवार भारत आए। इनकी समस्याओं में बेघर होना, रोजगार का अभाव और बच्चों की शिक्षा की कठिनाई शामिल हैं।

**पुनर्वास प्रयास:** सामाजिक संगठनों ने इन परिवारों के लिए वैदिक यज्ञ के साथ आवास और ठेले (रेहड़ी) प्रदान किए। फल और सब्जी बेचकर आजीविका चलाने की व्यवस्था की गई।

**शिक्षा के प्रयास:** शरणार्थी बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा केंद्र की स्थापना की गई है ताकि उनका भविष्य सुधारा जा सके।

**कार्यक्रम में शामिल प्रमुख व्यक्ति:** कार्यक्रम में संस्था के कोऑर्डिनेटर्स और कार्यकर्ता विशाल जतिन, राज आर्य, मोहन आर्य, रवि ठाकुर, पवन तोमर, तान्या ठाकुर, अरुण, मनोज, रोहित आदि मौजूद रहे।

**सामाजिक महत्व:** यह पहल समाज में एक सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। इसने यह दिखाया कि जरूरतमंदों की मदद के लिए संगठनों और व्यक्तियों का सहयोग कितना प्रभावी हो सकता है। इस तरह के मानवीय कार्य न केवल शरणार्थी परिवारों के जीवन को बेहतर बनाते हैं, बल्कि समाज में एकजुटता और सहानुभूति की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। यह प्रयास एक प्रेरणा है कि किस प्रकार मानवता के आधार पर, पीड़ितों और शोषितों को जीवन में एक नई शुरूआत दी जा सकती है। पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थी परिवारों की दुर्दशा और उनके पुनर्वास के प्रयासों पर आधारित है। अग्निकिरण - Pakistan Untold और जन स्वाभिमान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की सराहना की जानी चाहिए।

इन संस्थाओं ने न केवल बेघर शरणार्थी परिवारों के लिए आवास की व्यवस्था की है, बल्कि उनके लिए आजीविका के साधन भी उपलब्ध कराए हैं। ठेले और साइकिल के माध्यम से इन परिवारों को फल और सब्जी बेचने का रोजगार दिया गया है, जिससे वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। इसके साथ ही, इन परिवारों के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। इस पहल से यह साबित होता है कि समाज के सहयोग से बड़ी समस्याओं का समाधान संभव है। यह कार्यक्रम एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि किस तरह से जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है। ऐसे मानवीय कार्यों में लगे सभी लोगों का योगदान सराहनीय है, और यह समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में उठाया गया कदम है।

# कर्मचारियों का 15000 करोड़ लेकर विदेश भागी फर्स्ट फ्लाईट कोरियर, कार्यवाही के इंतजार में अब तक कई मरे

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** फर्स्ट फ्लाइट कोरियर प्रबंधकों द्वारा योजना बद्ध तरीके से करोड़ों की संपत्ति बेचने के बाद विदेश भाग जाने से अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, कोयंबटूर, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, जमशेदपुर, जयपुर इंदौर, लखनऊ, दिल्ली, नोएडा, लुधियाना, चंडीगढ़ और गुड़गांव आदि के सैकड़ों कर्मचारी भुखमरी से जूझने के लिए मजबूर हैं। यही नहीं न्याय का इंतजार करते-करते अब तक दर्जनों कर्मचारी मौत का भी शिकार हो चुके हैं। जबकि उनके आश्रित भी हाल-बेहाल होकर दर-दर की ठोकरें खाते घूम रहे हैं। अब शेष बचे कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए हिंद मजदूर किसान पंचायत लगातार कमर कसे हुए है। उसने भेजे जा चुके दर्जनों के क्रम में एक और पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा है, जिसमें कर्मचारियों की पीड़ा से अवगत कराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से न्याय की मांग की गई है।



विदेश भाग चुकी फर्स्ट फ्लाइट कोरियर कंपनी कंपनी के खिलाफ कई मामले न्यायालय में भी विचाराधीन हैं लेकिन विदेश भाग जाने की वजह से फर्स्ट फ्लाइट कोरियर प्रबंधकों के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई भी प्रभावहीन साबित हो रही है। वहीं दूसरी ओर बेरोजगार हुए इन सैकड़ों कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए हिंद मजदूर किसान पंचायत भी लगातार संघर्ष कर रही है। कर्मचारियों के हित में न्याय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए पत्र में मजदूर हितों के संघर्ष में अग्रणी हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेश मणि पाण्डेय ने बताया कि इस कोरियर कंपनी के खिलाफ 2022 से लगातार प्रार्थना पत्र भी दिए जा रहे हैं लेकिन उन पर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेश मणि पाण्डेय ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में यह भी बताया है कि फर्स्ट फ्लाइट कोरियर कंपनी के मालिकान तुषार ओम प्रकाश साबू और अन्य निदेशक शमीर्ला ओम प्रकाश साबो, राज कुमार साबू , भरत जमनादास , हिम्मत सिंह लगड़ और सुप्रिया राजकुमार अग्रवाल आदि पीड़ित कर्मचारियों की समस्त देनदारियों को लेकर भारत की चल अचल सम्पत्तियों को बेचते हुए या फिर फ्रैनचाईजी में इस्तेमाल करते हुए विदेश भाग गये हैं ,जहां उनका कार्यालय व कार्य भी चल रहा है।

फर्स्ट फ्लाईट के खिलाफ विभिन्न न्यायालयों में वाद भी चलने लेकिन समुचित पते के अभाव में किसी भी तामिली की पुष्टि नहीं हो पाने की भी जानकारी देते हुए श्रमिक नेता राकेश मणि पाण्डेय ने लिखे पत्र में प्रधानमंत्री को यह भी अवगत कराया है कि जब आपके लिखे पत्रों को केन्द्रीय श्रमायुक्त को स्थानान्तरित किया जाता हैं ,तब वहां से सेवायोजकों के वर्तमान वास्तविक पते की मांग की जाती है। जबकि कम्पनी के निदेशकों द्वारा भाग जाने पर उन्हें भारत लाने और देश-विदेश की चल अचल सम्पत्तियों को जब्त कर 15 हजार करोड़ से अधिक की देनदारियों को वसूल कर उन्हें पीड़ित कर्मचारियों को देने की सारी जिम्मेदारी भारत सरकार की ही होती है।

लेकिन उसके बाद भी सरकार इस पर कठोरता से कोई कार्यवाही नहीं कर पा रही है ,जिसके फल स्वरुप न्याय का इंतजार करते-करते अबतक सैकड़ों कर्मचारी काल कलवित भी हो चुके हैं और उनके आश्रित बेसहारा होकर दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। कई मजदूर आंदोलनों की सफल अगुवाई कर चुके चर्चित श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने बताया कि लिखे पत्र में प्रधानमंत्री को आगे यह भी अवगत कराया है कि वर्ष 2022 से लेकर अब तक सैकड़ो पत्र ई-मेल आपके यानी पीएमओ के साथ-साथ सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित किये गये हैं। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# घोषणाओं के साथ मनाया गया एफबीएमटीओ स्थापना दिवस

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** परिवहन उद्योग और राष्ट्र निर्माण के प्रति सात दशकों की समर्पित सेवा का प्रतीक फेडरेशन ऑफ बॉम्बे ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स (एफबीएमटीओ) का 70वां स्थापना दिवस पर परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार ने अपने संबोधन में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं, जिन्हें परिवहन समुदाय ने अत्यंत सराहा। इन घोषणाओं को कार्यक्रम की प्रमुख उपलब्धियों और परिवहन समुदाय के लिए उपहार के रूप में देखा गया। वाशी के सिडको कंवेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विवेक भीमनवार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की 100 दिनों की योजना में राज्य चेकपोस्ट हटाने का मुद्दा उठाया है। यह परिवहन समुदाय की एक लंबी मांग थी, जिसके निर्णय से संचालन में सुगमता आएगी और देरी में कमी होगी। ट्रकों पर क्लीनर की अनुपस्थिति के कारण जारी चालानों को संबोधित करने के लिए मसौदा विधि और न्याय विभाग के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया है। इसकी जल्द ही अधिसूचना जारी होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख रमेश्वर नाइक ने महाराष्ट्र सरकार और फेडरेशन के बीच एक एमओयू का प्रस्ताव रखा। इस समझौते का उद्देश्य छोटे रोड ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों, ड्राइवरों, मैकेनिकों और परिवहन समुदाय के अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर और चिकित्सा सहायता प्रदान करना है। पाशा पटेल ने सरकार के साथ परिवहन समुदाय के मुद्दों को उठाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, जैसा कि उन्होंने अतीत में किया है। उनकी निरंतर सहायता को उपस्थित सभी लोगों ने अत्यधिक सराहा। फेडरेशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह बल ने अपने स्वागत भाषण में छोटे परिवहन ऑपरेटरों द्वारा सामना की जा रही प्रमुख चुनौतियों को उजागर किया और उनके समाधान के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। आयोजन समिति अध्यक्ष बल मलकीत सिंह ने कहा कि स्थापना दिवस परिवहन समुदाय के योगदान को याद करने और उनकी भविष्य की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करने का एक ऐतिहासिक अवसर है। इस दौरान की गई घोषणाएं, विशेष रूप से राज्य चेकपोस्ट हटाने, ई-चालान सुधार और परिवहन श्रमिकों के लिए चिकित्सा सहायता, सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। हमारा उद्देश्य छोटे रोड ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों को सशक्त बनाना और परिवहन क्षेत्र को मजबूत करना है।



# जावेद अली ने किया ममूटी के भांजे अश्कर सौदान और निर्माता केवी अब्दुल नजर की फिल्म 'बेस्टी' का सॉन्ग लॉन्च

**मुंबई।** साउथ सिनेमा के सुपर स्टार ममूटी के भांजे अश्कर सौदान स्टारर निर्माता केवी अब्दुल नजर की मलयालम फिल्म बेस्टी 24 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। आज मुंबई में पुष्पा 2 सहित कई सुपर हिट फिल्मों के सुपर सिंगर जावेद अली ने इस फिल्म का एक खूबसूरत सॉन्ग लॉन्च किया। बेंजी प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म के इस सॉन्ग में अश्कर सौदान नजर आ रहे हैं। राकेश पटेल ने इस कव्वाली को कोरियोग्राफ किया है। राकेश पटेल के गुरु कोरियोग्राफर लॉलीपॉप ने भी इस कव्वाली में अभिनय किया है। फिल्म बेस्टी की कव्वाली खुदा तू सजा के गीतकार शुभम शुक्ला हैं जबकि चेतन श्रीवास्तव और शुभम शुक्ला ने इस कव्वाली को खूबसूरती से कम्पोज किया है। फिल्म बेस्टी में अश्कर सौदान के अलावा साक्षी अग्रवाल सवाना और शाहीन सिद्दीकी दिखाई देंगी। फिल्म के पटकथा, संवाद लेखक और निर्देशक शानू समद हैं। प्रोड्यूसर बेंजी ने कहा कि बेस्टी एक फैमिली फिल्म है जिसमें सभी एक्टर्स ने बहुत अच्छा काम किया है। फिल्म के गाने बहुत ही बढ़िया हैं। 24 जनवरी को फिल्म देश भर में रिलीज हो रही है, आप सभी सिनेमाघरों में जाएं और इसे एन्जॉय करें। फिल्म के लिए अनोखी बात है कि फिल्म मलयालम में है मगर इसकी कव्वाली हिंदी में है। सिंगर जावेद अली ने पुष्पा 2 के गीत पीलिंग्स से नई ऊंचाइयां छू ली हैं। इस अवसर पर उन्होंने यह गीत गाया और अश्कर व साक्षी ने इसपर डांस भी किया। फिर उन्होंने फिल्म बेस्टी की कव्वाली गाई। उन्होंने कहा कि बहुत साल बाद मैंने बेस्टी फिल्म के लिए यह कव्वाली गाई है जिसे बड़ी खूबसूरती से कम्पोज किया और लिखा गया है। यह एक सिचुएशनल सॉन्ग है और मैंने इसे गाते हुए जैसी कल्पना की थी कव्वाली उसी अंदाज में फिल्माई गई है। अश्कर बिल्कुल ममूटी जी की तरह नजर आ रहे हैं और वह हैं भी उनके भांजे। फिल्म में साक्षी भी सुंदर दिख रही हैं। मैं पूरी टीम को फिल्म बेस्टी के लिए बेस्ट विशेज देना चाहता हूं। फिल्म बेस्टी में एक रोमांटिक गीत मनाली में फिल्माया गया है। एक शादी का गीत बहुत भव्य रूप से पिक्चराइज किया गया है। और एक कव्वाली है तीनो गीतों को राकेश पटेल ने कोरियोग्राफ किया है। हीरोइन साक्षी अग्रवाल ने कहा कि मैंने फिल्म बेस्टी में काफी स्टंट्स किए हैं। मैं अपने बॉस प्रोड्यूसर को बहुत शुक्रिया कहती हूँ जिन्होंने मुझे इसमे इतने एक्शन करने का अवसर दिया। अश्कर रियल लाइफ और रील लाइफ दोनों में मेरे बेस्टी हैं। वह बड़े अच्छे इंसान और अद्भुत अदाकार हैं।




## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### महाराष्ट्र में पैर पसार रहा

पशुपालन उपायुक्त डॉ. श्रीधर शिंदे ने बताया कि शनिवार तक उदगीर शहर के विभिन्न हिस्सों में 51 कौवे मृत पाए गए। अधिकारियों को 13 जनवरी से शहर के बगीचों व अन्य क्षेत्रों में मृत पक्षियों के बारे में शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और मौत के कारण का पता लगाने के लिए 14 जनवरी को 6 शवों को प्रयोगशाला भेजा गया। इधर लातूर जिला प्रशासन ने बीमारी को फैलने से रोकने के लिए निवारक उपाय शुरू कर दिए हैं। जिस जगह मृत कौवे मिले हैं उस जगह के 10 किलोमीटर के दायरे को अलर्ट जोन घोषित किया गया है। आदेश में प्रभावित क्षेत्रों में लागों की आवाजाही और पक्षियों-जानवरों के परिवहन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### मुंबई में नहीं चलेंगी पेट्रोल-डीजल गाड़ियां!

मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी की खंडपीठ ने सरकार को एक पखवाड़े के अंदर विशेषज्ञों और सिविल प्रशासकों की एक समिति गठित करने का निर्देश दिया। यह समिति इस बात पर विचार करेगी कि क्या मुंबई की सड़कों से डीजल और पेट्रोल आधारित वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाना और केवल सीएनजी या बिजली से चलने वाले वाहनों को अनुमति देना सही होगा। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 9 जनवरी को मामले की सुनवाई की थी। पीठ ने बुधवार को उपलब्ध कराए गए अपने विस्तृत आदेश में कहा कि मुंबई शहर में वायु गुणवत्ता को खराब करने में वाहनों से होने वाला प्रदूषण एक प्रमुख कारण है। हाई कोर्ट ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र की सड़कें वाहनों से अटी पड़ी हैं और सड़कों पर वाहनों का घनत्व चिंताजनक है, जिसके परिणामस्वरूप वायु प्रदूषण से संबंधित समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं, जिसे कम करने के लिए किए गए सभी उपाय अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। उच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित समिति तीन महीने के भीतर अपना अध्ययन करेगी और अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। अदालत ने बृहन्मुंबई नगर निगम और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि लकड़ी और कोयले का उपयोग करने वाली शहर की बेकरी अपनी इकाइयों को अधिकारियों द्वारा निर्धारित एक वर्ष की समय सीमा के बजाय छह महीने के भीतर गैस या अन्य हरित ईंधन पर चलाने के लिए परिवर्तित करें।

### मनपा इलेक्शन के लिए चुनाव आयुक्त की तलाश तेज

इस साल राज्य का बजट सत्र 3 मार्च से शुरू होगा और राज्य का बजट 10 मार्च को पेश किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने एक कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी। 26 के पहले लाडली को पैसा महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने गुरुवार को बताया कि जनवरी महीने की किस्त 26 जनवरी से पहले लाडली बहनों के खाते में जमा हो जाएगी। अदिति तटकरे ने बताया, इसके लिए हमें 3,690 करोड़ रुपए का फंड मिलेगा। हम लोग फरवरी के लिए भी योजना बना रहे हैं। सरकार ने अब तक 2 करोड़ 46 लाख महिलाओं को लाडली बहन योजना का लाभ दिया है। बुलढाना जिले में बाल झड़ने की घटना पर बैठक में चर्चा की गई। बाल झड़ने की समस्या से पीड़ित लोगों के भोजन और पानी के नमूने लिए गए हैं। प्रभावित लोगों को दवाइयां और मलहम वितरित किए गए हैं। वर्धा में भी ऐसी ही घटनाएं देखी जा रही हैं।

### अतिक्रमण मुक्त किए जाएंगे महाराष्ट्र के 400 से ज्यादा ऐतिहासिक किले

इनमें से कई किले पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली राज्य सरकार ने इन किलों को उनका पुराना वैभव फिर से वापस दिलाने का निर्णय लिया है। सरकार किलों को अतिक्रमण से मुक्त कराकर उनके रखरखाव व मरम्मत का पूरा प्रबंध करेगी। मंत्री शेलार ने कहा कि अतिक्रमणों के कारण किलों की सुंदरता नष्ट हो गई है। सरकार ने जिला कलेक्टर की अगुवाई में समितियों के गठन का निर्णय लिया है। ये समिति 31 जनवरी तक अतिक्रमणों का सर्वेक्षण करके अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा। इसके बाद 1 फरवरी से 31 मई के बीच जरूरी कदम उठाकर किलों को अतिक्रमण मुक्त करने की जिम्मेदारी जिला कलेक्टरों को सौंपी गई है। विशालगढ़ किले पर अतिक्रमण का खुलासा होने के बाद किलों के संरक्षण का मुद्दा प्रकाश में आया और यह खुलासा हुआ कि राज्य में और भी कई किलों पर विशालगढ़ की ही तरह अतिक्रमण किया गया है।



# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो डॉक्टर कैस

**इंदौर।** प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.सैयद खालिद केस एक कार्यक्रम मे शिरकत करने इंदौर पहुँचे। इंदौर पहुंचने पर प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिट्स के इंदौर संभाग के अध्यक्ष अल्ताफ खान के नेतृत्व मे अध्यक्ष केस साहब का पुष्प माला से स्वागत किया गया। और अध्यक्ष से पत्रकारों की सुरक्षा एवं उनके कल्याण के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून लागु करवाने के लिए मांग रखी अध्यक्ष केस साहब ने बताया की प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिट्स के बैनर तले लागतार आवाज उठाई जा रही है। जल्दी है मध्य प्रदेश में लागू होगा ऐसी प्रदेश सरकार से आशा और उम्मीद है। इस अवसर पर राष्टीय सदस्य सैयद रिजवान अली,साहब मालिक,धार जिला अध्यक्ष राजेंद्र राजू देवड़ा, मोहम्मद. अंसार मुश्ताक शेख,राजकुमार सोलंकी,आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कोटा में आत्महत्या के लिए प्रेम संबंध जिम्मेदार

**जयपुर।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने हाल ही में कोटा में छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती



घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। कोचिंग हब कोटा जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रसिद्ध है। इस दुखद प्रवृत्ति के पीछे मंत्री दिलावर ने प्रेम संबंधों और अत्यधिक शैक्षणिक दबाव को एक प्रमुख कारण बताया है।

### निशानेबाज मनु की नानी और मामा की मौत

**महेंद्रगढ़।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मनु भाकर की नानी और बड़े मामा



की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। महेंद्रगढ़ बाइपास रोड पर स्कूटी और ब्रेजा गाड़ी की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही मनु भाकर के मामा और नानी की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया।

### सड़क हादसे में 4 की मौत और चार घायल


**जयपुर।** राजस्थान के बीकानेर के पास शनिवार रात एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और



चार अन्य घायल हो गए। बारात में शामिल एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा एक पशु के अचानक वाहन के सामने आने के कारण हुआ। कार में सवार बाराती छोटा गांव से लूणकरणसर के पेमासर गांव जा रहे थे।

### टीडीबी सबरीमला में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगा

**सबरीमला।** त्रावणकोर देवस्व ओम बोर्ड (टीडीबी) 'कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' के



तकनीकी सहयोग से एक सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगा। टीडीबी अधिकारियों के अनुसार बोर्ड प्रतिवर्ष बिजली बिलों पर लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च करता है और प्रस्तावित सौर संयंत्र से इस खर्च में काफी कमी आने की उम्मीद है।

### आंध्र प्रदेश में गरजे केंद्रीय गृहमंत्री शाह, केंद्र देता रहेगा भरपूर मदद

# महाराष्ट्र और हरियाणा की तरह दिल्ली में भी बनेगी एनडीए की बहुमत वाली सरकार



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आंध्र प्रदेश के गन्नावरम मंडल के कोंडा पावुलुरू में 10वीं बटालियन एनडीआरएफ परिसर और एनआईडीएम दक्षिणी परिसर का उद्घाटन किया। इस दौरान आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब कोई आपदा भगवान द्वारा भेजी जाती है, तो एनडीआरएफ मदद के लिए आती है। जब कोई आपदा मानव निर्मित होती है तो एनडीए मदद के लिए आती है। महाराष्ट्र और हरियाणा में भारी जीत के बाद एनडीए 2025 में दिल्ली में सरकार बनाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2014 से 2019 के बीच संभावनाओं से भरा राज्य आंध्र प्रदेश मानव निर्मित आपदा के कारण पीड़ित रहा। अब आपको उन बर्बाद हुए पांच वर्षों के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। पीएम मोदी और सीएम नायडू की जोड़ी यहां विकास की रफ्तार को तीन गुना तेज करेगी। नरेंद्र मोदी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए चंद्रबाबू नायडू के साथ चट्टान की तरह खड़ी है।

## किसी भी आपदा से निपटने एनडीआरएफ हर समय आपके साथ खड़ी रहेगी

**केंद्र नायडू सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़ा**

### सीएम नायडू ने निरंतन सहायता की आपील की

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय मंत्री से अपील की कि वे राज्य के पूरी तरह से ठीक होने तक केंद्र से निरंतर सहायता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर आंध प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, केंद्रीय मंत्री के राम मोहन नायडू और बंडी संजय कुमार मौजूद रहे।



### मोदी सरकार ने 3 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी

शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने छह महीने में आंध्र प्रदेश के लिए तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। हुडको, विश्व बैंक के माध्यम से राजधानी अमरावती के विकास के लिए 27,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र आंध्र प्रदेश के विकास के लिए चट्टान की तरह चंद्रबाबू नायडू के साथ खड़ा है।

### क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण किया



इसके साथ ही गृहमंत्री अमित शाह आंध्र प्रदेश के तिरुपति में राज्य सरकार के क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भवन का उद्घाटन भी किया। यह नई सुविधा राज्य में फॉरेंसिक जांच को मजबूत बनाएगी। एनडीआरएफ की 10वीं बटालियन ने अब तक 800 से अधिक आपदा प्रबंधन अभियानों में हिस्सा लिया है, जिसमें 15,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई है और 1 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। वहीं एनआईडीएम का दक्षिणी परिसर, जो आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 के तहत बनाया गया था मई 2023 से कार्यरत है। इसने अब तक 44 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं जिसमें 2,130 से अधिक लोगों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया है।

### मोदी के नेतृत्व में भारत जीरो कैजुअल्टी के लक्ष्य पर कायम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जीरो कैजुअल्टी के लक्ष्य पर काम रहा है जो कि आपदाओं के दौरान जान-माल के नुकसान को पूरी तरह से रोकने पर केंद्रित है। एनआईडीएम और एनडीआरएफ इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एनआईडीएम प्रशिक्षण, शोध और नीति निर्माण में काम करता है, जबकि एनडीआरएफ आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों में सबसे आगे रहता है।

### 'इंटीग्रेटेड इनडोर शूटिंग रेंज' की आधारशिला रखी

इसके अलावा शाह हैदराबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में 27 करोड़ की लागत की एक अत्याधुनिक 'इंटीग्रेटेड इनडोर शूटिंग रेंज' की आधारशिला भी रखी। यह 50 मीटर लंबी रेंज होगी, जिसमें 10 लेन होंगी जहां एक साथ 10 लोग फायरिंग का अभ्यास कर सकेंगे। यह स्वचालित होगी और इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

### खुद संभालेंगे चुनावी कमान

## गणतंत्र दिवस के बाद दिल्ली में डोर टू डोर कैंपेन करेंगे राहुल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी बड़ी बड़ी रैलियों की बजाए डोर टू दूर कैंपेन को ज्यादा महत्व दे रही है। शीर्ष नेतृत्व की ओर से सभी प्रत्याशियों को अपने अपने चुनाव क्षेत्र में घर घर जा कर वोटरों से मिलने का निर्देश दिया है। निर्देश नीचे तक जाए इसके लिए गणतंत्र दिवस के बाद खुद राहुल गांधी घर घर कांग्रेस के लिए वोट मांगते नजर आयेंगे। कांग्रेस वॉर रूम में राहुल गांधी की पैदल यात्रा को रविवार छुट्टी वाले दिन अंतिम रूप दिया गया। भारत जोड़ो यात्रा के तौर पर वोटर जोड़ो यात्रा को एक बड़ी चुनावी मुहिम में तब्दील करने की कोशिश होगी। ये बात सच है कि भाजपा और आम आदमी की दमखम वाली ताबड़तोड़ कैंपेनिंग के आगे कांग्रेस का कैंपेन कहीं नहीं दिख रहा। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के स्वयं दिल्ली चुनाव की कैंपेन संभाली हुई है। दोनों दलों के शीर्ष नेताओं के बीच चल रहे राजनीतिक संवाद ही हर दिन मीडिया की हेडलाइन बन रहे हैं। जबकि कांग्रेस पार्टी की ओर से अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की एक रैली के बाद कांग्रेस प्रत्याशियों को उनके भरोसे छोड़ दिया गया है।

### दीक्षित अपने दम पर ताल ठोंक रहें

दिल्ली की सीएम रहीं शीला दीक्षित के पुत्र पूर्व सांसद संदीप दीक्षित अपने दम पर अपनी टीम के साथ अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मैदान में खंभ ठोंक रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव बादली से अपनी बदौलत फील्डिंग सजाई है। ऐसी 18 दमदार सीटों पर जहां कांग्रेस अच्छा कर सकती है राहुल गांधी सभी सीटों पर पैदल यात्रा करेंगे। प्रियंका गांधी वाड्रा भी कुछ सीटों पर राहुल गांधी और साथ रहेंगी। दरअसल केजरीवाल के खिलाफ आक्रामक तरीके से वोट मांगने के फैसले के बाद हर तरह का संशय दूर किया गया। इंडिया गठबंधन में बतौर साथी दल होते हुए आम आदमी पार्टी के खिलाफ कितना, किस हद तक बोलना है, कठघरे में खडा करना है साफ कर दिया गया है कि खिलाफ मैदान में हैं तो खिलाफत करनी है। इसका असर दिल्ली के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सांसद अजय माकन के प्रेस कांफ्रेंस से और राहुल गाँधी के पटना में दिये गए वक्तव्यों से साफ हो गया।

### राज्यों के नेता भी रहेंगे साथ

राहुल के साथ राजस्थान के वरिष्ठ नेता, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलेट, हरियाणा मूल के वोटरों को रिझाने कुमारी सेलजा, दीपेंद्र हुड्डा, रणदीप सिंह सुरजेवाला जैसे नेता होंगे, वहीं बिहार, यूपी के वोटरों पर अपील रखने वाले कन्हैया कुमार, अखिलेश प्रसाद सिंह, रंजीत रंजन सहित 6 नेताओं को फीडबैक भेजा गया है। झुग्गी झोपड़ी के वोटरों से मिलने, रिझाने के लिए अलग से योजना बनाई गई है। दिल्ली में 2013 से सिरे से गायब कांग्रेस पार्टी के लिए खोने के लिए कुछ नहीं है, पाने के लिए बहुत कुछ है, इसी फॉर्मूले के साथ नेताओं को चुनाव में पूरी तरह भिड़ जाने का मंत्र दिया जा रहा है।

### आखिरकार इजराइल-हमास में खत्म हुआ युद्ध, गाजा में सीजफायर लागू

# हमास की कैद से 471 दिन बाद तीन महिला बंधकों को मिली आजादी, अब मुस्कुराए चेहरे

इजराइल और हमास के बीच जंग के 15 महीने बाद सीजफायर लागू हो गया है। इसमें तय समय से करीब 3 घंटे की देरी हुई है। गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता लगभग तीन घंटे की देरी के बाद शुरू हुआ जिससे 15 महीने पुराना युद्ध रुक गया। हमास ने रविवार से बंधकों को रिहा करने का सिलसिला शुरू हो गया।

- ❑ लगभग तीन घंटे की देरी के बाद रविवार से शुरू हुआ
- ❑ हमास ने भेजी इजराइली बंधकों की लिस्ट
- ❑ हमास के साथ सीजफायर डील को मंजूरी
- ❑ 15 महीने पुराना युद्ध रुका



इजराइली महिला बंधक को रेड क्रॉस को सौंपते हुए।

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

इजराइल और हमास के बीच रविवार को गाजा पट्टी में संघर्षविराम लागू हो गया है। इससे बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई और पिछले 15 महीने से जारी विनाशकारी संघर्ष के खात्मे की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इस बड़ी कूटनीतिक जीत में तीनों इजराइली बंधकों को गाजा में आईडीएफ को सौंप दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर रेड क्रॉस प्रतिनिधिमंडल ने समझौते के तहत रिहा होने वाले फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच ओफर जेल में प्रवेश किया है। इनके बदले 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा।

### रिहाई के बाद बाइडेन बोले- गाजा में बंदूकें शांत हो गईं

गाजा में हमास ने तीन इजराइली बंधकों की रिहाई की है, जिसके बदले 90 फिलिस्तीनी कैदियों को आजाद किया जाना है। हमास ने पुष्टि कर दी है कि उसने तीन महिला बंधकों को पश्चिमी गाजा शहर में इजराइली संस्था रेड क्रॉस के हवाले कर दिया है। बंधकों की रिहाई के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि इतने दर्द और विनाश के बाद, आज गाजा में बंदूकें शांत हो गई हैं।

### हमास ने सौंपी बंधकों की लिस्ट

- ❑ *फलस्तीनी चिकित्सकों ने इसको लेकर कहा कि जब युद्धविराम शुरू होना था और पर यह वास्तव में प्रभावी हुआ। इस बीच इजराइली हवाई हमलों और तोपखाने के हमलों में 13 फलिस्तीनियों की मौत हो गई।*
- ❑ *फलस्तीनी आतंकवादी समूह की तरफ से समझौते के तहत रिहा किए जाने वाले पहले तीन बंधकों के नामों की लिस्ट में न करने में विफल रहने के बाद इजराइल ने देरी के लिए हमास को दोषी ठहराया।*
- ❑ *हमास ने देरी के लिए तकनीकी कारणों को जिम्मेदार ठहराया, बिना यह बताए कि वे क्या थे।*
- ❑ *इस बीच एक फलस्तीनी अधिकारी ने कहा, देरी इसलिए हुई क्योंकि मध्यस्थों ने युद्धविराम के प्रोसेस से पहले 48 घंटे की 'शांति' मांगी थी।*

### राहुल के 'इंडियन स्टेट' वाले बयान पर बवाल

## अब असम के पान बाजार में गैर जमानती धाराओं में एफआईआर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ असम के गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला उनके हालिया बयान को लेकर है, जिसमें उन्होंने विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए थे और कहा था कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट से भी है।



### 15 जनवरी को दिया था बयान

राहुल ने यह बयान 15 जनवरी को दिल्ली के कोटला रोड पर कांग्रेस पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान दिया था, जिस पर मोनजीत चेतिया ने गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। यह एफआईआर भारतीय दंड संहिता की धारा 152 और 197(1)डी के तहत दर्ज की गई है।

### भाजपा अध्यक्ष ने कहा-राहुल बिना संदर्भ जाने भाषणों को पढ़ते हैं

## राहुल को नहीं पता राजीव और इंदिरा ने संविधान के साथ क्या-क्या किया: नड्डा

▶ 'इंडियन स्टेट' के खिलाफ लड़ाई के बयान पर राहुल को लिया आड़े हाथ

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को अहमदाबाद में दावा किया कि कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश पर शासन किया और उसके नेताओं ने संविधान के साथ छेड़छाड़ कर इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। वे भाजपा के 'संविधान गौरव अभियान' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है और वह नहीं जानते कि उनके पिता (राजीव), दादी (इंदिरा) और दादी के पिता (नेहरू) ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने के क्या-क्या प्रयास किए थे? नड्डा ने कहा कि कांग्रेस नेता 'बुरे' थे, लेकिन भाजपा के नेता 'अच्छे' हैं जिन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म (जम्मू-कश्मीर में) करने जैसे कदम उठाए, 'एक देश एक कर' लागू किया और समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'



हाल में, मोदी सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ एक टिप्पणी में 'इंडियन स्टेट' शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर राहुल पर उन्होंने प्रहार किया। नड्डा ने कहा, आज हमारे कांग्रेस नेता कहते हैं कि वे इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्हें इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है, न ही उनका इससे कोई लेना-देना है। उन्होंने कहा कि राहुल उन्हें सौंपे गए भाषणों की सामग्री और संदर्भ को समझे बिना उन्हें 'सिर्फ पढ़ते' हैं। राहुल ने हाल ही में कहा था, भाजपा और आरएसएस ने इस देश की हर एक संस्था पर कब्जा कर लिया है और अब हम भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। नड्डा ने कहा, इंदिरा गांधी लुभावने नारे देकर देश को गुमराह करना चाहती थीं। इसलिए उन्होंने संविधान में पंथनिरपेक्षता और समाजवाद शब्द जोड़े।' नड्डा ने कहा कि संविधान 'अच्छे लोगों' के तहत कैसे काम करता है, इसे इस बात से देखा जा सकता है कि किस तरह से 'एक राष्ट्र, एक कर' लागू किया गया है, किस तरह देश समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहा है, कैसे अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। नड्डा ने कहा, भारत अपना 76 वां गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में हमें याद रखना चाहिए कि किसने संविधान के साथ छेड़छाड़ की और इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। यह भी याद रखें कि किसने संविधान की रक्षा की और किसने बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों की रक्षा करने के साथ उन्हें रेखांकित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को उन पाखंडी लोगों से सचेत और सावधान रहना चाहिए जो संविधान को पढ़े बिना इसकी प्रति लेकर घूमा करते हैं।

# तलाक के बाद 40 लाख मांग रही पत्नी, विरोध करने पर भाईयों ने की धुनाई, 8 पर मुकदमा दर्ज

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने अपनी पत्नी और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि तलाक के बाद पत्नी उससे 40 लाख रुपये की डिमांड कर रही है। जबकि उसे 30 लाख का चेक दिया था। इसका उसने विरोध किया तो पत्नी ने अपने भाईयों से उसकी पिटाई करा दी। पीड़ित ने मामले की जानकारी एडीजी को दी, उसके बाद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके पुलिस ने कार्रवाई शुरु कर दी है। मोहम्मद इस्लाम ने बताया उसका निकाह 18 फरवरी 2021 को कोतवाली के बिहारीपुर निवासी सना के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। दंपति की एक साल की पुत्री है। बच्ची के जन्म के बाद दंपति के बीच आपसी विचारों के टकराव के चलते मनमुटाव शुरू हो गया और सना ने दाम्पत्य संबंधों को निभाने




से इंकार कर दिया। मोहम्मद इस्लाम ने तीन बार तलाक देकर सना से अलग हो गए और बरेली कचहरी में 6 मई 2024 को एक समझौतानामा लिखा गया। इस समझौते के तहत मोहम्मद इस्लाम ने अपनी पुत्री के भरण-पोषण और शिक्षा के लिए 20 लाख रुपये की एलआईसी पॉलिसी और सना को 30 लाख रुपये का चेक दिया। इस समझौते के बाद दोनों के बीच कोई लेन-देन या संबंध शेष नहीं रहे। मोहम्मद इस्लाम ने आरोप लगाया कि 15 सितंबर 2024 की रात, सना और उनके परिजन, जिनमें आबिद हुसैन, माजिद हुसैन, फैजान हुसैन, उवैस वारसी, मखदमू, असलम, और अनवर उनके घर पर आ धमके और 40 लाख रुपये की मांग की। मना करने पर उन्होंने घातक हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और गंदी गालियां दी। मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि शोर सुनकर मोहल्ले के लोग आ गए और उन्होंने मामले को शांत किया। एडीजी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



## धूमधाम से मनाया गया सांसद संजय दिना पाटील का जन्म दिवस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** ईशान्य मुंबई महा विकास आघाडी के शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के सांसद संजय दिना पाटील का जन्म दिवस उनके गृह भांडुप में बड़े ही धुमधामसे मनाया गया इस अवसर पर महा विकास आघाडी के सभी पक्षों के पदाधिकारी ने उन्हें शुभेच्छा दी इस अवसर पर हजारों की संख्या में उनके चाहने वाले मौजूद रहे २०२४ के लोकसभा चुनाव में सांसद चुने जाने के बाद यह उनका पहला जन्म दिवस था जिसके कारण उनके चाहने वालों में उल्लास व्याप्त था जन्मदिवस के अवसर पर उनके पूरे संसदीय क्षेत्र में उनका बैनर तथा होर्डिंग देखने को मिला इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य सचिन अहिर विधायक सुनील रावत रमेश कोरग'वकर राजन विचारे केदार दिघे शिवसेना विभाग प्रमुख सुरेश पाटिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मुंबई अध्यक्ष राखी जाधव शिवसेना शिंदे पक्ष भांडुप के विधायक अशोक पाटिल सहित कई नेताओं ने अपनी प्रमुख उपस्थिति दर्ज कर उनके सफल सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

# महापौर प्रमिला ने उदघाटन से पहले रास्ते में सुनी मन की बात

### महापौर बोली मोदी जी के प्रेरणादायी विचारों ने मुझे निडर होकर काम करने का जज्बा दिया

**कानपुर।** हर माह के आखिरी रविवार को रेडियो पर प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का अबकी 19 जनवरी को गणतंत्र दिवस के कारण पहले ही प्रसारण हुआ।गोबिन्द नगर में एक कार्यक्रम के उद्घाटन मे पहुचीं महापौर प्रमिला पांडेय को मन की बात कार्यक्रम प्रसारित होने की बात पता चलने पर पहले रुककर उन्होंने प्रसारण सुना तब उद्घाटन किया। रविवार को शहर की महापौर प्रमिला पांडेय को गोबिन्द नगर स्थित खालसा इण्टर कालेज में एक कार्यक्रम के उद्घाटन मे पहुचना था।वह जैसे ही लगभग 11 बजे कार्यक्रम स्थल के बाहर अपनी गाडी से उतरी तभी वंहा मौजूद भाजपाइयों से उन्होंने पूछा कि अभी तो शायद मन की बात का प्रसारण चल रहा होगा। कार्यकर्ताओं के हां



कहने पर उन्होंने झट से अपना मोबाइल निकालकर वही रुककर लोगों के साथ मन की बात का प्रसारण होने तक खडे खडे भाजपा दक्षिण के बूथ संख्या-5 पर 118 वे प्रसारण को आधे घंटे तक सुना।मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम समाप्त होने के बाद ही वह उदघाटन करने हाल मे पहुची।महापौर प्रमिला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी मन की बात कार्यक्रम के जरिए ज्ञान वर्धक जो बाते करतें है वह किसी किताब में नही मिल सकते। उनके विचार महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं सभी के लिए प्रेरणादायी होते है। ऐसे अनमोल छडों को किसी कीमत पर नही छोडना चाहिए। महापौर प्रमिला ने कहा कि आज जो मै निडर और निर्भिक होकर बिना डरे,रूके काम कर रही हूँ उसके पीछे मोदी जी के मन की बात कार्यकमों मे प्रसारित विचारों की बहुत बडी ताकत है।महापौर प्रमिला ने कहा कि इन कार्यक्रमो की सबसे खास और रोचक बात यह होती है कि यह देश के अरबों नागरिकों के बीच संचार के बेहद लोकप्रिय और सस्ते माध्यम यानी रेडियो के माध्यम से जुड़ने वाला कार्यक्रम है। संचार के इस बेहद पुराने माध्यम से लोग अपने प्रधान मंत्री के साथ सीधा संवाद करते हैं। प्रधान मंत्री मोदी के मन की बात की अन्य प्रमुख बात यह है कि इसमें ऐसे लोगों को हाइलाइट किया गया है जो देश और दुनिया के सामने कभी सामने नहीं आए। उनके योगदान पर प्रकाश डाला जाता है, जिससे उनके उल्लेखनीय कार्य देश-दुनिया के सामने आते हैं। महापौर के साथ पार्षद भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित, प्रकाश वीर आर्य, अजीत सिंह छाबड़ा, दीपू पासवान, दिव्यांशु बाजपेयी, हरप्रीत सिंह, राजीव अवस्थी आदि ने मन की बात सुनी।

# प्रेस संपादक एवं पत्रकार सेवा संघ की नेवासा तालुका कार्यकारी समिति की घोषणा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नेवासा।** प्रेस संपादक एवं पत्रकार सेवा संघ की नेवासा तालुका कार्यकारी समिति की हाल ही में घोषणा की गई। नेवासा तालुका से श्री. प्रेस संपादक पत्रकार सेवा संघ की एक बैठक देवगढ़ मोहल्ले में हर्षोल्लास के माहौल में सम्पन्न हुई। पत्रकारों के सामने आने वाली अनेक समस्याओं के पक्ष-विपक्ष तथा भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की गई, तथा नेवासा में शीघ्र ही एक प्रेस भवन के निर्माण के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। प्रेस संपादक और पत्रकार संघ के संस्थापक डी. टी। अम्बेगावे से प्रेरित होकर, अहिल्यानगर जिला अध्यक्ष



अबासाहेब शिरसाठ की अध्यक्षता में एक बैठक में प्रेस संपादक और पत्रकार सेवा संघ की नेवासा तालुका कार्यकारी समिति का गठन किया गया। युनुस शरीफ पठान को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। यूनुस पठान पिछले कई वर्षों से नेवासा तालुका में पत्रकारिता के क्षेत्र में काम कर रहे हैं और लगातार गरीबों, आम लोगों, मेहनतकशों, किसानों, छात्रों आदि को न्याय दिला रहे हैं। इस कार्य को संज्ञान में लेते हुए संगठन ने उन्हें तालुका अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देकर सम्मानित किया है। प्रेस संपादक पत्रकार सेवा संघ के उपाध्यक्ष युनुस पठान, नेवासा तालुका अध्यक्ष आदेश जवाले, उपाध्यक्ष बालासाहेब बोधक, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश घुंगासे, प्रचार प्रमुख दत्तात्रय शिंदे, विकास बोर्ड सचिव, आयोजक सुमित पतेरे, सचिन कुरुंद, सहसचिव संदीप वरकड, सदस्य प्रवीण खरात, गणेश जगाड़े, अशोक सांगले, राजेंद्र कस्बे, मयूर मांडलिक आदि चुने गए। जिला अध्यक्ष आबासाहेब शिरसाठ ने बताया कि विस्तारित कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र की जाएगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र लिम्बोरे, शाहराम आगले, रंजनदादा जाधव, सुधीर जावले सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस चुनाव पर तालुका के विभिन्न संगठन और गणमान्य लोग बधाई दे रहे हैं।

# नंदकुमार विट्ठल जाधव असद ग्राम के उपसरपंच चूने गए



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**तहसील** कडेगांव के असद ग्राम के निवासी नंदकुमार विठ्ठल जाधव उपसरपंच चुने गए उन का शिक्षण B.Com तक का है, वे बालाघाट मध्य प्रदेश के गलाई एवं ज्वेलर्स व्यावसायिक विठ्ठल रामचंद्र जाधव के बेटे और अर्जुन विठ्ठल जाधव के छोटे भाई हैं। ग्राम पंचायत सदस्य नंदकुमार विठ्ठल जाधव को असद ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों की सहमति से असद ग्राम पंचायत के उपसरपंच के रूप में निर्विरोध चुना गया। इस समय, ग्राम सेवक राजशेखर जगन्नाथ चव्हाण चुनाव अधिकारी थे, सरपंच मोहन जगननाथ जाधव के अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया का अवलोकन किया और केवल एक ही ग्राम पंचायत सदस्य नंदकुमार विठ्ठल जाधव का उम्मीदवार आवेदन था,जिस से सरपंच मोहन जगन्नाथ जाधव ने नंदकुमार विठ्ठल जाधव को निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की। उस समय सोनहिरा शुगर फैक्ट्री के संचालक असद ग्राम के आदर्श सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व सरपंच प्रभाकर चंद्रकांत जाधव उर्फ पी.सी.दादा ने नवनिर्वाचित उपसरपंच नंदकुमार जाधव को शुभकामनाएं देते हुए, ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी और उपस्थित सभी मान्यवरों ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए सभी से अपील की कि हम सभी का अपने ग्राम के विकास के लिए कुछ कर्तव्य हैं, सभी को ग्राम पंचायत हो या ग्राम के सार्वजनिक क्षेत्र के विकास का कार्य हो जो बन सके वो मदत करनी चाहिए, मंदिर के जो काम हुए हे वह काबिले तारीफ हैं, ग्राम की स्वच्छता मन्दिर देखरेख से ग्राम के विकास दर्शाती हैं।

उस वक्त पूर्व चेयरमैन संजय पंढरीनाथ जाधव ने कहा कि ग्राम का विकास करने के लिए हमें राजकीय पक्षपात को दूर रख ग्राम के विकास के लिए एक साथ मिल ग्राम के सरपंच उपसरपंच और सभी ग्राम पंचायत सदस्यों को साथ देना होगा और ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी का भी कर्तव्य हैं कि वे सभी भी ग्राम के विकास के लिए अधिक से अधिक वक्त दे कहा। उस वक्त असद सर्व सेवा सहकारी सोसाइटी के चेयरमैन संजकुमार जाधव, संचालक संदेश जाधव, संपत जाधव, अनिल शंकर जाधव, अंकुश चंद्रकांत जाधव, सचिव वैभव जाधव, अरविंद जाधव, पूर्व चेयरमैन प्रमोद विलास जाधव, टंटा मुक्ति अध्यक्ष सुरेश नामदेव जाधव, ग्राम पंचायत पुर्व उपसरपंच शेलेजा विजय जाधव, सदस्या सौ माया शरद जगदाले, सौ संगीता जालिंदर महिंद, सौ स्वाती सुहास जाधव, सौ स्वप्नाली संदीप अंगवने, अशोक विष्णू पाटोळे, शिवाजी शंकर भोकरे, नवनिर्वाचित उपसरपंच नंदकुमार जाधव उर्फ सेठ की माताजी सौ गोकुळा जाधव,बड़ी भाभी सी ललिता अर्जुन जाधव, धर्मपत्नी सौ लता नंदकुमार जाधव एवं परिवार के सभी सदस्यों और और गांव के मान्यवर ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कंबल वितरण अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय एल दुबे ने कंबल वितरण अभियान में सभी के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया






**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय एल दुबे ने कहा कि हमें यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कंबल वितरण अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह अभियान हमारे समुदाय के कम सौभाग्यशाली और दिव्यांग सदस्यों को समर्थन प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। आपकी उदारता और समर्थन की बदौलत, हमने जरूरतमंद लोगों को 1000+ कंबल वितरित किए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें गर्माहट और सुकून मिला। यह पहल आपके सामूहिक प्रयास और उदारता के बिना संभव नहीं हो पाती। हम उन सभी को तहे दिल से धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने इस अभियान में भाग लिया, योगदान दिया और इसे एक शानदार सफलता बनाने में मदद की। मिलकर, हमने उन लोगों के जीवन में एक सार्थक बदलाव लाने का काम किया है, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। आइए, हम अपने समाज में दया और देखभाल फैलाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें।









दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# रितिक रोशन के साथ नजर आएंगी साउथ एक्ट्रेस नाभा नतेश!

बॉलीवुड एक्टर रितिक रोशन के पास इन दिनों कई प्रोजेक्ट की लाइन लगी हुई है। वही खबर है कि वह डिजिटल डेब्यू भी करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि वह ब्रिटिश वेब सीरीज 'द नाइट मैनेजर' के हिन्दी रीमेक के जरिए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एंट्री करेंगे। वही ताजा खबरों की माने तो रितिक रोशन के साथ इस वेब सीरीज में साउथ की खूबसूरत एक्ट्रेस नाभा नतेश नजर आ सकती हैं। नाभा नतेश का भी यह डिजिटल डेब्यू होगा। इस वेब सीरीज को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। नाभा नतेश आई स्मार्ट शंकर और डिस्को राजा जैसी हिट फिल्मों में नजर चुकी हैं। साउथ इंडस्ट्री में उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। बताया जा रहा है इस सीरीज की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो सकती है। सीरीज का निर्माण प्रोडक्शन हाउस बनिजय एशिया द्वारा किया जाएगा। यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो सकती है।



# हुमा कुरैशी का फूटा गुस्सा

**मनोरंजन** जगत की मशहूर अभिनेत्री हुमा कुरैशी इन दिनों चर्चाओं का भाग बनी हुई हैं। उनकी मूवी बेल बॉटम सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। हमेशा शांत रहने वाली हुमा ने एयरलाइन्स पर अपना गुस्सा निकाला है। उन्होंने ट्वीट करके स्पाइसजेट को बहुत बुरा भला सुनाया है। इन दिनों हुमा कुरैशी अपनी आने वाली मूवी बेल बॉटम के प्रमोशन में बिजी हैं।ुबह हुमा को कहीं बाहर जाना था जिसकी वजह से वह सुबह से एयरपोर्ट पर थीं मगर वह अपनी फ्लाइट बोर्ड नहीं कर पाई हैं। हुमा कुरैशी ने ट्वीट किया– मैं यहां सुबह 4:30 बजे से यहां हूं। मैंने स्पाइटजेट की प्रणाम सर्विस से टिकट बुक की थी। मैं काउंटर पर सुबह 5:30 बजे से हूं लेकिन फिर भी सुबह 6:30 बजे फ्लाइट बोर्ड नहीं कर पाई। ओवरबुक की गई फ्लाइट्स? इस स्तर पर चीजें मैनेज करने की वजह से मैं अपनी कनेक्टिंग फ्लाइट मिस दूंगी। हुमा कुरैशी के इस ट्वीट के बाद स्पाइटजेट ने उनकी समस्या का समाधान करने की कोशिश की है। उन्होंने हुमा के ट्वीट का जवाब दिया– हाय मिस कुरैशी। प्लीज हमे आपका कॉन्टैक्ट नंबर मैसेज करें ताकि हम आपसे इस परेशानी के बारे में बात कर सकें।



# संजय लीला भंसाली ने नहीं मानी दीपिका की यह डिमांड

**बॉलीवुड** फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली में हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद भंसाली अपने ड्रीम प्रोजेक्ट की तैयारियों में लगे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में रणवीर के साथ भंसाली दीपिका पादुकोण को कास्ट करना चाहते थे। अब ताजा खबरों के मुताबिक, दीपिका के हाथ से भंसाली की ये फिल्म निकल गई है। दीपिका के फिल्म से बाहर होने का कारण उनकी मोटी फीस की डिमांड बताई जा रही है। खबरों के अनुसार फिल्म के लिए दीपिका रणवीर सिंह के बराबर फीस चाहती थीं। उन्हें अपने पति के बराबर फीस मिले ना ही उनसे एक पैसा कम और ना ही ज्यादा। भंसाली ने दीपिका की यह डिमांड नहीं मानी और बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।